(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

उत्तर प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण

3517. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने उत्तर प्रदेश के लिए कौन-कौन सी सिंचाई परियोजनाएं/योजनाएं/जलाशय/बांध चालू किए हैं और किन-किन को आरम्भ करने पर विचार कर रही है;

(ख) उन परियोजनाओं के निर्माण कार्य से संबंधित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है जहां निर्माण-कार्य आरम्भ हो चुका है ;

(ग) किन-किन परियोजनाओं के काम में विलम्ब हो रहा है और इस विलम्ब के क्या कारण हैं ; और

(घ) निर्माण-कार्य में विलम्ब होने से लागत में किस हद तक वृद्धि हो जाने की सम्भावना है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) से (घ) सूचना अनुपत्र में दी गई है । (देखिए परिशिष्ट 161, अनुपत्र संख्या 81]

कृषि भूमि का कुल क्षेत्र

3518. **श्री राघवजी:** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31-3-1991 की स्थिति के अनुसार प्रत्येक राज्य में कुल कितने क्षेत्र में कृषि होती है और प्रत्येक राज्य में सरकारी साधनों से तथा निजी साधनों में सिंचाई सुविधा प्राप्त भू-क्षेत्र संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उन राज्यों में, जहां अपेक्षाकृत कम सिंचित भूमि है परन्तु जर्मीन उपजाऊ है, सिंचाई सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) सूचना दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिए)**

(ख) कुंओं की सिंचाई और लघु सिंचाई कार्यों को बढ़ावा देने के अतिरिक्त देश में सिंचाई सुविधाएं विकसित करने के लिए 263 वृहद सिंचाई परियोजनाएं तथा 1104 मध्यम सिंचाई परियोजनाएं शुरू की गयी है । अब तक 83 वृहद और 777 मध्यम सिंचाई परियोजनाएं पूरी हो गयी हैं ।

विवरण]

31.3.91 की स्थिति (हजार हेक्टेयर में)

क्रम सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल कृषि योग्य क्षेत्र	आंकी गयी सिंचाई सुविधाएं (सृजित क्षमता)	
			सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश . .	16194	4865.41	1548.56
2.	अरुणाचल प्रदेश . .	301	59.28	0.05
3.	असम . . .	3229	618.66	174.87
4.	बिहार . . .	11195	4661.20	3904.80
5.	गोवा . . .	222	27.51	1.21
6.	गुजरात . . .	12336	1655.47	1446.12